आंखों पर पट्टी बांध छड़ी लेकर चले कुलपति और शिक्षक

आंख पर पट्टी बांधकर चलने का अभ्यास करते कुलपति प्रो . संजय सिंह • विश्वविद्यालय

जासं • लखनऊ : डा. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय में विश्व सफेद छड़ी सुरक्षा दिवस मनाया। मौके पर कुलपति आचार्य संजय सिंह दृश्य दिव्यांग की भूमिका में नजर आए। उन्होंने दृष्टिदिव्यांगों की रोजमर्रा की चुनौतियों को समझने के लिए आंखों पर पट्टी बांधी और अपनी कार से उतर कर सफेद छड़ी लेकर कार्यालय तक गए।

उनके साथ कला एवं मानविकी संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एसी मिश्रा, संगीत एवं ललित कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. राजीव नयन पांडेय एवं पुरुष छात्रावास के मुख्य प्रोवोस्ट प्रो. वीरेंद्र सिंह यादव ने भी आंखों पर पट्टी बांध कर चलने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के प्रत्येक शिक्षक को व्हाइट केन के प्रयोग का अभ्यास करना चाहिए। उन्होंने प्रतिभागियों के साथ बातचीत कर उनके आगामी गणतंत्र दिवस परेड में भागीदारी के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

बाडा स्नातकोत्तर महाविद्यालय

डॉ. शकुंतला मिश्रा को किया गया याद

अमृत विचार, लखनऊः डॉ शकुन्तला मिश्रा की पुण्यतिथि 15 अक्टूबर को मनाई गई। कुलपति आचार्य संजय सिंह के साथ विश्वविद्यालय परिवार ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विश्वविद्यालय परिवार ने डॉ शकुन्तला के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।

कुलपति ने समझीं दृष्टिबाधितों की चुनौतियां

लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि के दृष्टिबाधितार्थ विभाग में सोमवार को विश्व सफेद छड़ी सुरक्षा दिवस का आयोजन किया गया। कुलपति संजय सिंह ने कुलपति ने अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर एक सफेद छड़ी के साथ अपनी कार से उतरकर, सीढ़ियों का प्रयोग करते हुए अपने कार्यालय तक का मार्ग तय किया। उन्होंने दृष्टिबाधितों द्वारा रोजमर्रा की चुनौतियों को समझने का प्रयास किया। वहीं दृष्टिदिव्यांग विद्यार्थियों की ओर से परेड का आयोजन किया गया। (संवाद)

दृश्य दिव्यांग बन कुलपति ने किया सेंसर छड़ी का प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विवि में दृश्य दिव्यांगों के लिए सफेद छड़ी दिवस मनाया गया और सेंसर छड़ी का प्रयोग किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह दृश्य दिव्यांग की भूमिका में नजर आए।

विश्व सफेद छड़ी सुरक्षा दिवस का आयोजन विश्वविद्यालय के दृष्टिबाधितार्थ विभाग द्वारा आयोजित किया गया। कुलपति ने एक प्रतीकात्मक कदम उठाते हुए अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर एक सफेद छड़ी (व्हाइट केन) के साथ अपनी कार से सीढ़ियों का प्रयोग करते हुए अपने कार्यालय तक का मार्ग तय किया। यह व्हाइट केन केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और स्वतंत्रता का प्रतीक है।

दृश्य दिव्यांग बनकर छड़ी का प्रयोग करते कुलपति संजय सिंह।

»» दृष्टिबाधितार्थ विभाग ने किया विश्व सफेद छड़ी सुरक्षा दिवस का आयोजन

कार्यक्रम में कला व मानविकी संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर एसी मिश्रा, संगीत व ललित कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. राजीव नयन पांडेय, ब्वॉयज हॉस्टल के मुख्य प्रोवोस्ट प्रो. वीरेंद्र सिंह यादव ने भी आंखों पर पट्टी बांध कर चलने का प्रयास किया। कार्यक्रम में दृष्टिहीन छात्रों ने एक शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया।